रानी सती माँ झुंझन वाली

रानी सती माँ झुंझन वाली सांचो तेरो धाम,
जपु नारायणी तेरो नाम,

श्रधा के भाव से माँ करे जो तेरा पूजन,
वहा तू प्यार बहा दे यहाँ हो तेरा वंदन,
कितने तीर्थ का फल देता तेरा माँ इक नाम,
जपु नारायणी तेरो नाम,

कभी भी इस जीवन में मुसीबत कैसी आये,
तेरे इस नाम से माँ करिश्मे हम ने पाये,
इसी लिए तो नाम तुम्हारा जपते सुबहो शाम,
जपु नारायणी तेरो नाम,

देखि सारे जग माहि तेरा मंदिर है निराला,
वो ही आवे यहाँ पे जो हो किस्मत वाला,
अंकुश जो तेरे दर आये पूरण हॉवे काम
जपु नारायणी तेरो नाम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10820/title/rani-sati-maa-jhunjan-vali-sancho-tero-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |